No. of Printed Pages : 12 **ECO-14**

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

# (BDP)

## Term-End Examination

## June, 2021

### (ELECTIVE COURSE : COMMERCE)

### ECO-14 : ACCOUNTANCY–II

*Time : 2 Hours* *Maximum Marks : 50*

***Note :*** *Attempt any **four** questions including Question No. **1** which is compulsory.*

1. Attempt any ***two*** of the following questions : 7 each

   (a) How will you record 'Normal Loss' and 'Abnormal Loss' under stock and debtor method ?





   (b) Differentiate between shares and debentures.

   (c) How are inter-departmental transfer of goods treated in departmental accounts ?

   (d) What are the main provisions of Companies Act regarding issue of shares at a discount ?

2. Rehan Ltd. invited applications for 40000 shares for ₹ 20 each payable ₹ 4 on application, ₹ 6 on allotment, ₹ 6 on 1st call and ₹ 4 on 2nd and final call. Applications were received for 60000 shares and allotment was made pro-rata to the applicants of 48000 shares. Money overpaid on application was utilized towards money due on allotment. Mohan to whom 800 shares had been allotted, failed to pay the allotment money. On his subsequent failure to pay the 1st call, his shares were forfeited. Sohan, a holder of 600 shares, failed to pay the

two calls, his shares were also forfeited after 2nd call. Of the shares forfeited, 1000 shares were reissued for ₹ 18 as fully paid, the whole of Mohan's shares being included therein. Pass journal entries in the books of the company. 12

3. "Return on investment is considered to be the master ratio which reflects the overall performance of the firm." Elucidate. 12

4. A head office of a company fixes selling price for its goods at 200% of cost. Goods are sent to branch at 25% less than the selling price and to other dealer at 20% less than the selling price. Calculate the profit at the head office and at branch separately from the following information : 12

| | **Head Office (₹)** | **Branch (₹)** |
|---|---|---|
| Opening Stock | 36,000 | 7,200 |
| Purchases | 2,40,000 | — |
| Goods sent to branch | 67,500 | — |
| Goods sent to other dealers | 72,000 | — |
| Sales to customers | 1,80,000 | 92,000 |
| Expenses | 40,000 | 4,000 |





5. Modern Ltd. sells goods on hire purchase system at cost plus 25%. From the following particulars, prepare Hire Purchase Trading Account : 12

| | ₹ |
|---|---|
| 1st April, 2016 stock out on hire purchase (at hire purchase price) | 40,000 |
| 31st March, 2017 stock out on hire purchase (at hire purchase price) | 70,000 |

Following transactions took place during the year :

(i) Goods sold on hire purchase (at hire purchase price) ₹ 2,60,000

(ii) Cash received from customers ₹ 2,20,000

(iii) Goods received back on default

(instalments due ₹ 6,000) valued at ₹ 1,800

6. Write short notes on any ***two*** of the following :

6 each

(a) Redemption of Preference Shares

(b) Profit and Loss Appropriation Account

(c) Cash Flow Statement





# ECO-14

## स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## ( बी.डी.पी. )

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2021

## ( ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य )

## ECO-14 : लेखाविधि-II

समय : 2 घण्टे अधिकतम अंक : 50

***नोट :*** *किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए जिनमें प्रश्न संख्या **1** शामिल हो जोकि **अनिवार्य** है।*

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

प्रत्येक 7

(क) स्टॉक एवं देनदार प्रणाली के अंतर्गत आप 'सामान्य हानि' तथा 'असामान्य हानि' का लेखा कैसे करेंगे ?

(ख) शेयरों एवं ऋणपत्रों में अंतर का उल्लेख कीजिए।

(ग) विभागीय लेखा के अंतर्गत वस्तुओं के अंतर्विभागीय हस्तांतरण का लेखांकन किस प्रकार किया जाता है ?

(घ) शेयरों का छूट पर निर्गमन के संबंध में कंपनी अधिनियम के क्या प्रावधान हैं?

2. रेहन लि. ने ₹ 20 प्रति शेयर वाले 40000 शेयरों के लिए प्रार्थना–पत्र आमंत्रित किए। इनके लिए ₹ 4 प्रति शेयर प्रार्थना–पत्र के साथ, ₹ 6 प्रति शेयर आबंटन पर, ₹ 6 प्रति शेयर प्रथम माँग तथा ₹ 4 प्रति शेयर द्वितीय एवं अंतिम माँग पर देय था। 60000 शेयरों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए। 48000 शेयरों के आवेदकों को





यथानुपात (pro-rata) आबंटन किया गया। प्रार्थना–पत्र पर प्राप्त हुई अधिक राशि को आबंटन पर देय राशि के लिए समायोजित कर दिया। मोहन, जिसे 800 शेयर आबंटित हुए थे, आबंटन पर देय शेष राशि का भुगतान नहीं कर सका। उसके द्वारा प्रथम माँग पर देय शेष राशि का भुगतान भी नहीं किया गया। अतः उसके शेयरों को जब्त कर लिया गया। सोहन, जिसे 600 शेयर आबंटित किए गए थे, शेष दो माँगों पर देय राशि का भुगतान नहीं कर पाया। अतः दूसरी मांग के बाद उसके शेयरों को भी जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए शेयरों में से 1000 शेयर ₹ 18 प्रति शेयर के हिसाब से

पुनर्निर्गमित कर दिये गये जिसमें मोहन के सारे शेयर शामिल थे। कंपनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। 12

3. "निवेश पर प्रतिलाभ को मानक अनुपात (master ratio) माना जाता है जो फर्म के समग्र निष्पादन को प्रतिबिंबित करता है।" विशदीकृत कीजिए। 12

4. एक कंपनी का मुख्य कार्यालय लागत के 200% पर इसके माल का विक्रय मूल्य निश्चित करता है। यह माल शाखा को विक्रय मूल्य से 25% कम पर भेजा जाता है तथा अन्य व्यापारियों को विक्रय मूल्य से 20% कम पर दिया जाता है। निम्नलिखित सूचना (आँकड़ों)





के आधार पर मुख्य कार्यालय एवं शाखा के लाभों की अलग-अलग गणना कीजिए : 12

| | **मुख्य कार्यालय (₹)** | **शाखा (₹)** |
|---|---|---|
| आरम्भिक स्टॉक | 36,000 | 7,200 |
| क्रय | 2,40,000 | — |
| शाखा को भेजा गया माल | 67,500 | — |
| अन्य व्यापारियों को भेजा गया माल | 72,000 | — |
| ग्राहकों को विक्रय | 1,80,000 | 92,000 |
| व्यय | 40,000 | 4,000 |

5. मोहन लि. लागत में 25% जोड़कर अवक्रय प्रणाली के अंतर्गत माल का विक्रय करती है। निम्नलिखित विवरण के आधार पर 'अवक्रय व्यापार खाता' तैयार कीजिए : 12

| | ₹ |
|---|---|
| 1 अप्रैल, 2016 को अवक्रय स्टॉक (अवक्रय मूल्य पर) | 40,000 |
| 31 मार्च, 2017 को अवक्रय स्टाक (अवक्रय मूल्य पर) | 70,000 |

वर्ष के दौरान निम्नलिखित लेन-देन हुए :

(i) अवक्रय पर बेचा गया माल (अवक्रय मूल्य पर) ₹ 2,60,000





(ii) ग्राहकों से प्राप्त राशि ₹ 2,20,000

(iii) चूक (default) पर वापस लिया गया माल (किश्तों की बकाया राशि ₹ 6,000) मूल्यांकित राशि ₹ 1,800

6. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : प्रत्येक 6

(क) पूर्वाधिकार शेयरों का शोधन

(ख) लाभ-हानि विनियोजन खाता

(ग) रोकड़ प्रवाह विवरण